हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए




dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–157 : जौनपुर, बुधवार 10 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को मिलेगी मुफ्त बस सेवा – मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को परिवहन निगम की 150 बसों को जनता को समर्पित किया। पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पर्व पर यह बसें खासतौर से माताओं बहनों को निशुल्क रूप से गंतव्य तक पहुंचाएंगी। 75 जनपदों को दो दो बसें मिल रही हैं। इसके अलावा उन्होंने झांसी, बरेली और अलीगढ़ के ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर का भी अनावरण किया। साथ ही सारथी हाल फिरोजाबाद का भी शिलान्यास किया। उन्होंने अलीगढ़ नौझील कांठ हैदरगढ़ और सिग्नेचर बस अड्डा का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी ने एलान किया कि जल्द ही 60 वर्ष से ऊपर की माता बहनों को फ्री में यात्रा कराने की योजना भी शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी का वास्ता सड़क पर उतरते ही हमारी बसों से पड़ता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम अपनी परिवहन व्यवस्था को और मजबूत करें ।2019 के कुंभ प्रयागराज के दौरान हमने जो बसें खरीदी थी उन्हें भी हमने परिवहन निगम को समर्पित कर दिया जिन्होंने कोरोना महामारी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। ये बसें खासतौर से कोरोना में प्रवासी कामगारों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए काम आईं। रोडवेज ने 1 करोड़ से अधिक लोगों को अपने प्रदेश के अंदर और यूपी से बाहर दूसरे प्रदेशों तक पहुंचाया। 40 लाख लोग तो केवल उत्तर प्रदेश के थे और 30 लाख कामगार बिहार के थे। इसके अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, राजस्थान और हरियाणा के लोगों को निशुल्क सेवा प्रदान की गई । उन्होंने कहा कि मानवता का इससे बड़ा उदाहरण और कोई नहीं मिल सकता। 24 करोड़ श्रद्धालुओं को कुंभ में सेवाएं दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से बस स्टेशनों को हाईक्लास व्यवस्था में बदलना होगा। 1,10,000 से अधिक गांवों को बसों से जोड़ने का लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने बस स्टेशनों को आधुनिक बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जब भारत के एयरपोर्ट विश्व स्तरीय बन सकते हैं तो बस अड्डे क्यों नहीं।



इसी तर्ज पर उनका विकास किया जाए। बस अड्डों पर सभी सुविधाएं हों। अन्य राज्यों के साथ भी बेहतर से बेहतर कनेक्टिविटी की जाए। जर्जर बसों को हटाकर बेड़े में नई बसें शामिल करें मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जर्जर बसों को धीरे–धीरे हटाएं और बेड़े में नई बसें शामिल करें। खासतौर से चालकों की फिटनेस की व्यवस्था की जाए और इसके सेंटर विकसित हो। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जो स्किल मैपिंग की गई थी उसमें पता चला था कि 12000 तो केवल ड्राइवर ही यूपी में इस दौरान आए थे। ऐसे लोगों का लाभ लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के छात्रों को भी वर्कशॉप से जोड़ा जाए। इससे मैन पावर बढ़ेगी और इन बच्चों को भी अभ्यास ज्यादा मिल सकेगा । मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं पर दुख जताया। कहा कि ढाई साल में कोविड में यूपी में 23000 मौतें हुई हैं जबकि प्रतिवर्ष दुर्घटना में लगभग 20000 मौतें हो रही हैं इस पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनों को 48 घंटे निशुल्क में यात्रा सुविधा दी गई है। इससे उनका सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा। इसके पहले परिवहन निगम के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि 1150 नई बसें बेड़े में जोड़ी जानी है जिनमें 150 आज जोड़ी जा रही हैं। 97814 आबादी गांवों को लक्ष्य बनाकर 85,610 गांवों को जोड़ दिया गया है। बालिकाओं को चालक की ट्रेनिंग देने के लिए कानपुर ट्रेनिंग सेंटर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा की सीएम के निर्देश पर डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसका परिणाम यह रहा कि 316 करोड़ की अतिरिक्त आय रोडवेज को हुई। लाइसेंस व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है और बाकी बसें भी जल्द ही सड़कों पर होंगी। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम में 50: पद खाली हैं । मुख्यमंत्री निर्देश दें तो इन्हें भरने की तैयारी शुरू की जाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बसों को हरी झंडी देकर रवाना किया।

## जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कल देर सायं कलेक्ट्रट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कल देर सायं कलेक्ट्रट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 10 करोड़ से ऊपर के लागत की परियोजना की समीक्षा की और सभी परियोजना के लिये नामित नोडल अधिकारियो को निर्देश दिया कि प्रतिदिन मानिटरिंग करते हुए परियोजना समय से पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा जिलाधिकारी स्तर पर की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि मेडिकल कालेज का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए। अमृत योजना में प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की और कार्य मे तेजी लाई जाने हेतु निर्देशित किया। बेलाव पराऊगंज पुल को दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी परियोजना ससमय निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अपने विभाग के द्वारा 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की सूचना अनिवार्य रूप से दे दे ताकि निर्माण में आने वाली समस्याओं को दूर कराया जा सके। ऐसा न करने पर उन्होंने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि जलजीवन मिशन के तहत जो सड़के खोदी गयी है उनके पुनर्निर्माण की प्रकिया का सत्यापन कराये। जलजीवन मिशन के कार्य में प्रगति कम न होने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि मैन पावर बढ़ाते हुए कार्य मे प्रगति लाए। समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और निर्देश दिया कि पेंशन के लाभार्थियों की आधार सीडिंग का कार्य शत प्रतिशत कराये। आई.जी.आर.एस में आने वाली शिकायतों का



गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिया। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान योजना में जिले की रैंकिंग टॉप टेन में करने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रमायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी को गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी करे। आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। प्रत्येक गांव में एक नोडल नामित कर दिए जाएं। सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि शहीद स्मारकों को ठीक करा लें। सभी जगहों पर साफ–सफाई करा ले। शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाए। गांव में बन रहे खेल के मैदान में शहीद की मूर्ति लगाया जाए। पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी के द्वारा की गई। व्यापक स्तर पर प्रत्येक सप्ताह ऋण मेला का आयोजन करने के निर्देश एलडीएम को दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, मुख्य चिकित्साधिकारि डॉ० लक्ष्मी सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रो. वंदना राय को जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की फेलोशिप



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो वंदना राय को उनके द्वारा महिला स्वास्थ्य पर किये गए शोध में योगदान के लिए1938 से स्थापित भारत की प्रतिष्ठित जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की फेलोशिप प्रदान की गयी है। यह फेलोशिप प्रो राय को पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी और 33वें आल इंडिया कांग्रेस ऑफ जूलॉजी आन इमर्जिंग ट्रेंड्स इन बायोलॉजिकल् साइंसेस ईन द लाइट ऑफ एंवीरोंमेंटल एंड लाइफ सस्टैनबिलिटी जो 10 से 12 अगस्त 2022 से चल रही है। इसमें इंडियन साइंस कांग्रेस की वर्तमान प्रेसिडेंट प्रो. विजय लक्ष्मी सक्सेना व सागर विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा कटियार द्वारा प्रदान किया गया है। प्रो राय द्वारा बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 100 से भी अधिक शोध पत्र व कई पुस्तकें प्रकाशित है। लगभग 22 वर्षों से पूर्वी उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में फोलिक एसिड के महत्व पर जनता को उनके द्वारा लगातार जागरूक किया जाता रहा है जिसके लिए प्रो राय को लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार मिले हैं।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बच्चों का किया अन्नप्राशन : नारी विकास के लिए कही बड़ी बात

वाराणसी ब्यूरो : प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को आराजी लाइन ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया। उन्होंने यहां पर बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए तरह–तरह के स्टॉल को देखा। यहां पर समूह की महिलाओं ने समूह के द्वारा जो सामग्री तैयार की थी उसकी भी प्रदर्शनी लगाई गई थी। महिला समूह के सशक्तिकरण के कार्यक्रम की उन्होंने सराहना की। यहां उपस्थित पूजा आरती खुशबू पूनम सुमन राधिका सहित अन्य गर्भवती महिलाओं का गोद भराई भी किया। नव युवक मंगल दल के ब्लॉक अध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने घर–घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत किए गए कार्य से उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया।उपमुख्यमंत्री ने नव युवक मंगल दल के कार्य की सराहना की। ब्लाक प्रमुख नगीना पटेल से उन्होंने महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा फहराने की योजना में आगे आने का आह्वान किया। कहा कि महिलाओं ने आजादी के आंदोलन में पर्दे के पीछे से जो भूमिका निभाई थी वह आज भी स्मरणीय व प्रासगिक है। उसी तरह के कार्य आज भी महिलाएं कर रही हैं जिससे देश आगे बढ़ रहा है। नगीना पटेल ने उप मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि वह विकासखंड आराजी लाइन के



हजारों महिलाओं के साथ इस अभियान में हिस्सा लेकर शाम को सफल करेंगी। इस दौरान, रोहनिया विधायक सुनील पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा,अपना दल के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र सिंह पटेल, डा महेंद्र सिंह पटेल, संजीव सिंह, मोहम्मद अनवर ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर झण्डा फहराने हेतु किया गया लोगों को प्रेरित

जौनपुर सू.वि. : आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत आज जनपद के सभी इन्टर कालेजों में मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से हर घर झण्डा फैराने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इन्टर कालेज स्टेशन रोड पर हुआ, जहाँ बालिकाओं ने हाथो पर आकर्षक मेहंदी सजाकर व फैन्सी ड्रेस के द्वारा बच्चों ने महापुरुषों की वेषभूषा में आजादी के महत्व को प्रदर्शित करते हुए सभी को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, विशिष्ठ अतिथि आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा0 अंकिता राज ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने अतिथियों का स्वागत किया, छात्राओं ने स्वागत गीत व देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया, तथा ताइक्वांडो के माध्यम से छात्राओं ने आत्म निर्भर बनने हेतु लडकियों व महिलाओं को जागरूक किया। मेहंदी प्रतियोगिता में निधि सोनकर प्रथम, वैशाली द्वितीय, तृतीय स्थान खुशी कनौजिया एवं सान्त्वना पुरस्कार जैनब व मानसी रही। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सभी छात्राएं अपने अभिभावकों, बड़े बुजुर्गों को हर घर तिरंगा के बारे में बताएं और उन्होंने कहा कि भारत अनेकता में एकता वाला देश है। हम लोगों को आजादी दिलाने में अनगिनत लोगों ने अपनी कुर्बानियां दी हैं। डा अंकिता राज ने कहा कि बालिकाओं के लिए जितनी जरूरी शिक्षा है, उतना ही आवश्यक है कि वह आत्मनिर्भर बनें। यह तभी संभव है जब वे शिक्षा के साथ ही अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देंगी। बेटियां डरने के बजाए आत्मनिर्भर बनें। छात्राओं ने अच्छी शिक्षा और संस्कार से सामाजिक परिवर्तन लाने और आजादी का अमृत महोत्सव अभिभावकों के साथ जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। डा0 अंकिता राज ने छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मविश्वास व आत्म निर्भर को लेकर कई टिप्स दिए। आभार प्रधानाचार्य मंजुलता वर्मा ने व्यक्त किया, संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र यादव, जया सिंह, आदर्श वर्मा, डा विजय भारतीय सिंह, ब्रहमजीत यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल आरा, ताइकवांडो प्रशिक्षक संजीव साहू सहित शिक्षक छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहें।

## पूर्वजों से मिली है देशभक्ति की विरासतः प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आजादी से संबंधित शोधा कायरू एक संकलन पुस्तक का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि देशभक्ति एक विरासत है जो हमें अपने पूर्वजों से मिली है। यह चिंगारी है जो देश की भावना को जगाती है। एक देशभक्त व्यक्ति को हमेशा अन्य देशवासियों से सम्मान, प्यार, समर्थन और कभी ना खत्म होने वाला स्नेह मिलता है। यह केवल उनके बलिदानों के कारण ही नहीं बल्कि देश के प्रति प्रेम, देखभाल,



समर्पण और स्नेह के कारण भी है। विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी से 10 लोगों के शोध जो कि आजादी पर आधारित है इनके संकलन के शोधसंग्रह का आज लोकार्पण किया जा रहा है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे यहां के शोधार्थियों ने आजादी और देशभक्ति पर आधारित विषयों पर शोधा किया है। प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि इस अभियान के तहत लोगों में राष्ट्र के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। आजादी के रणबांकुरों के बारे में लोगों को अच्छी जानकारियां मिल रही हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि आजादी का मतलब आत्मनिर्णय का अधिकार है। इस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने की जरूरत है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने आजादी की कथाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सरकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में राष्ट्र भक्ति और देशभक्ति की भावना बढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो.रजनीश भास्कर, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश यादव, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ सुनील कुमार, सहायक कुलसचिव अमृत लाल पटेल, बबिता सिंह, अजीत सिंह, डॉ. माया सिंह, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. दिव्येंदु मिश्र, डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ विद्युत मल्ल डॉ. अनुराग मिश्र, आदि शामिल थे।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बने सुनील बंसल : धर्मपाल सिंह को मिली यूपी महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में भाजपा को एक के बाद एक ऐतिहासिक सफलताएं दिलाने वाले प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल का प्रमोशन कर उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। वहीं, झारखंड में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल को उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदेश महामंत्री संगठन नियुक्त किया गया है। जबकि प्रदेश सह संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश प्रदेश कर्मवीर को प्रदेश महामंत्री संगठन झारखंड नियुक्त किया गया है। सुनील बंसल को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। यूपी में रहने के दौरान उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 73 सीटें (अपना दल की दो मिलाकर) जिताकर इतिहास रच दिया था। इसके बाद यूपी विधानसभा चुनाव 2017 में करीब 14 वर्षों बाद प्रदेश की सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन के बावजूद वह यूपी में



भाजपा को 65 सीटें जिताने में कामयाब रहे। वहीं, यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा ने 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए दोबारा सत्ता में वापसी की। उनकी पहचान एक कुशल रणनीतिकार की है।

## चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में छात्र की मौत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के बड़ागांव क्षेत्र में चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में गिरने से छात्र की मौत हो गई। रातभर उसका शव पटरी पर पड़ा रहा। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो शोर मचाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब से मिले मोबाइल और पहचान पत्र की मदद से मृतक की शिनाख्त की। परिजनों को सूचित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के मुताबिक, सिंधोरा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी ओमप्रकाश (18) मंगलवार को पॉलिटेक्निक की परीक्षा देने के लिए जौनपुर गया था। शाम में वापस लौट रहा था। उसे पिंडरा स्टेशन पर उतरना था लेकिन किसी कारण नहीं उतर सका। दल्लीपुर गांव पास ट्रेन की रफ्तार कम होने पर उतरने लगा। इस दौरान गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। देर शाम होने के कारण किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। उपचार नहीं होने के कारण उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव रेलवे ट्रैक पर देखा तो शोर मचाया। मौके पर पहुंची बड़ागांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# एक ओर बातचीत : दूसरी ओर उकसावे की कार्यवाही

यथार्थवादी स्कूल के अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियरशाइमर की थ्योरी ऑफ ऑफेन्सिव रियलिज्म ऐंड द राइज ऑफ चाइना इस घटना को स्पष्ट करती है।

मई, 2020 से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर धमकाने वाले अंदाज में बैठे हुए चीन की हरकतें विचित्र हैं। स्थिति यह है कि दोनों तरफ के सैन्य कमांडरों के बीच 16 दौर की बातचीत के बावजूद न तो चीन वहां से हटने का कोई प्रयास कर रहा है और न ही तनाव कम होने का कोई संकेत मिल रहा है। इसके उलट नवीनतम रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि पूर्वी क्षेत्र में, श्चीनी लड़ाकू जेट एलएसी पर समझौतों का बार–बार उल्लंघन कर रहे हैं और भारतीय वायुसेना को उलझने के लिए मजबूर कर रहे हैं।श जबकि विश्वास बहाली के उपायों पर बनी सहमति के अनुसार, एलएसी के दस किलोमीटर के दायरे में सैन्य विमानों का संचालन नहीं होना चाहिए, यह शत्रुतापूर्ण कार्रवाई है।

इसके साथ ही, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) एलएसी के पास बड़े पैमाने पर सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। एक नया राजमार्ग बनाया जा रहा है, जो अक्साई चिन के विवादित हिस्सों से होकर गुजरेगा। जैसा कि हमें मालूम है, चीन ने पैंगोंग झील के ऊपर दो पुल बनाए हैं। लगता है, जैसे चीनी शासन ने अक्तूबर, 2021 में अपने मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में युद्ध छेड़ने की जो अशुभ धमकियां दी थीं, उन्हें सच करके दिखाने पर वह आमादा है। इनमें से अधिकांश विरोधाभासों को चीनी विश्वास निर्माण की उसकी प्रवृत्ति में विश्लेषित किया जा सकता है। चीन की इच्छा वैश्विक महाशक्ति बनने की है। अपने कम्युनिस्ट अवतार में उसने कन्फ्यूशियस के सिद्धांतों को तिलांजलि दे दी है और विस्तारवादी लोकाचार में यथार्थवादी सिद्धांतों को लागू किया है।

यथार्थवादी स्कूल के अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियरशाइमर की थ्योरी ऑफ ऑफेन्सिव रियलिज्म ऐंड द राइज ऑफ चाइना इस घटना को स्पष्ट करती है। ट्रेजिडी ऑफ ग्रेट पावर पॉलिटिक्स (2010) में मियरशाइमर ने चीन के उदय के संबंध में अपने सिद्धांतों के निहितार्थ के बारे में विस्तार से लिखा है। वर्ष 2010 में उन्होंने तर्क दिया था कि चीन के वर्तमान या भविष्य के इरादों का सटीक अनुमान लगाने का कोई तरीका नहीं है, चीन की रक्षात्मक और आक्रामक सैन्य क्षमताओं के बीच अंतर करना मुश्किल है और चीन के अतीत का शांतिपूर्ण व्यवहार भविष्य के व्यवहार का एक अविश्वसनीय संकेतक है। मियरशाइमर के अनुसार, चीन दूसरे देशों पर अपनी राष्ट्रीय शक्ति को तवज्जो देने की इकलौती नीति पर चल रहा है। अब शी जिनपिंग अपनी घरेलू और विश्व कूटनीति में शसाझा नियति के समुदायश की धारणा को तेजी से बढ़ावा दे रहे हैं। इतिहास की तरफ देखें, तो चीन का यह रवैया हमें अतीत के हान शासन की याद दिलाता है, जिसने कोरिया, मंगोलिया, वियतनाम और जापान जैसे कई पड़ोसी देशों को प्रभावित करते हुए अपनी भूमि और संस्कृति का उद्देश्यपूर्ण विस्तार किया था। सैन्य अभियानों की शृंखलाओं के जरिये उसने आधुनिक चीन और उत्तरी वियतनाम का निर्माण किया था। मेरा मानना है कि इस दर्शन को चीन के आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में गहराई से पोषित किया गया था।

दिसंबर 1978 में देंग श्याओ पिंग ने औपचारिक रूप से सुधार प्रारंभ करते हुए चार आधुनिकीकरण की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा की थी, जिनमें कृषि, उद्योग, राष्ट्रीय रक्षा और विज्ञान व प्रौद्योगिकी शामिल थे। सबसे अंत में सैन्य आधुनिकीकरण किया गया। इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रति चीनी रवैये को समझना और शायद भविष्य को देखना आसान है। भारत को घेरने के लिए शत्रुओं के हाथ मिलाने का इतिहास जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में

पाकिस्तान एवं चीन के बीच खेला जाने वाला एक बड़ा खेल था। यह सब वर्ष 1959 में तब शुरू हुआ था, जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए कथित तौर पर बीजिंग को प्रस्ताव दिया। कहते हैं कि अयूब खान की चिंता तब बढ़ गई, जब चीनी नक्शे में पाकिस्तान को चीन में दिखाया गया। चीनी शासन ने शुरू में आशंकित पाकिस्तान के प्रति उत्साह नहीं दिखाया, पर जनवरी, 1962 में उसने चुपचाप नक्शा वापस ले लिया, जब पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में चीन के प्रवेश का समर्थन किया। फिर उन्होंने मार्च, 1962 में सीमा वार्ता के प्रस्ताव को आगे बढ़ाया। यह वार्ता 13 अक्तूबर, 1962 में शुरू हुई और दो मार्च, 1963 को चीन–पाक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जब इस चर्चा का खुलासा हो रहा था, उसी दौरान चीन लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में 20 अक्तूबर से 21 नवंबर, 1962 के दौरान भारत के खिलाफ युद्ध लड़ रहा था।

इसी दौरान पाकिस्तान ने करीब 5,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन को सौंप दिया और बदले में उसे चीन से करीब 1,900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र मिला। पाकिस्तान ने चीन को शक्सगाम घाटी के आसपास का क्षेत्र दिया, जिसे ट्रांस–काराकोरम ट्रैक्ट कहा जाता है और जम्मू–कश्मीर के उत्तरी क्षेत्रों पर नियंत्रण पाया। चीन और पाकिस्तान में से किसी का भी इन क्षेत्रों में स्वामित्व का कोई अधिकार नहीं था। वे खुलेआम उन जमीनों का आदान–प्रदान कर रहे थे, जो भारत की थीं! भारत को नाराज करने के लिए चीन ने काशगर से ग्वादर खाड़ी तक सड़क मार्ग को बढ़ावा दिया, जो सीपीईसी से जुड़ा हुआ है और जो भारतीय दावे के क्षेत्र से होकर गुजरता है। यही मुख्य वजह है कि भारत ने चीन की वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल में हिस्सा नहीं लिया।

ओबीओआर से भारत के दूर रहने को चीन की पड़ोस नीति के बेहद नकारात्मक प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। इसने उसकी घरेलू गतिशीलता को भी प्रभावित किया है, इसीलिए क्षुब्ध चीन ने लद्दाख में दुस्साहस किया। बेशक भारत शंघाई सहयोग परिषद और ब्रिक्स का सक्रिय सदस्य है, लेकिन इसने स्पष्ट कर दिया है कि वह एक नियम आधारित विश्व व्यवस्था चाहता है, जिसमें सभी देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा पोषित ढांचे में कार्य और बातचीत करें। और इसी गहरी विचारधारा के साथ ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ वह क्वाड में शामिल हुआ है। दक्षिण चीन सागर और ताइवान में चीनी दुस्साहस और संचार के समुद्री मार्ग में व्यापक हस्तक्षेप की पृष्ठभूमि में क्वाड का उद्देश्य संतुलन बनाने के साथ–साथ चीन से टकराना तथा उसे दोटूक संदेश देना भी है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## स्व0 वीरांगना फूलन देवी पूर्व सांसद का 59 वां जन्मदिवस समारोह

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : 10 अगस्त 2022 दिन बुधवार को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वहारा विकास पार्टी डॉ एम. डी. कर्णधार जी के आवाहन पर केंद्रीय कार्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त मण्डलध् जनपद मुख्यालयों में स्व. वीरांगना फूलन देवी जी की 59 वीं जयंती मनायी गयी। वीरांगना फूलन देवी जी का बाल्यकाल व किशोरावस्था अत्यंत संघर्षमय रहा। यह दुर्भाग्य ही था कि उनका प्रथम वैवाहिक जीवन भी कष्टमय रहा। उन्हें ससुराल व समाज मे कठिन यातनाएं सहनी पड़ी। दुर्भाग्य से व बेवसी में जंगलों में ऐसा जीवन जीना पड़ा जिसकी सहज कल्पना कर पाना बहुत कठिन है। कार्यक्रम में वीरांगना फूलन देवी जी के प्रारंभिक जीवन से लेकर उनके द्वारा किये गये संघर्षों , नारी जाति की अस्मिता, स्वाभिमान व सम्मान के लिए उनके योगदान को याद किया गया।वीरांगना फूलन देवी द्वारा किया गया संघर्ष किसी जाति व समुदाय विशेष के लिए न होकर पूरी नारी जाति के लिए था।वह पूरे दलित , शोषित ,वंचित , उपेक्षित व पीड़ितों के लिए अपने राजनीतिक जीवन की पारी में लगातार सड़क से लेकर संसद तक उनकी आवाज बनती रहीं। वीरांगना फूलन देवी ने अपने राजनीतिक सफर में एकलव्य सेना का गठन कर जेल में बंद व घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए अपनी अंतिम सांस तक कार्य करती रहीं। साथ ही साथ समाज के गरीब , शोषित व वंचित लोगों के प्रति उनके मन मे गहरी पीड़ा व उनके जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु लगातार संघर्षरत रहीं। उनका जीवन




समाज मे ब्याप्त कुरीतियां व सामंती सोंच के विरुद्ध संघर्ष करते हुए बीता। उन्हें नारी अस्मिता व नारी सशक्तिकरण की अनूठी मिशाल के रूप में पूरी दुनिया मे सदा याद किया जाता रहेगा एवं युवा पीढी के लिए वह अक्षुण् प्रेरणा का स्रोत बनकर युगों –युगों तक जिन्दा रहेंगीं। सर्वहारा विकास पार्टी वीरांगना स्व. फूलन देवी द्वारा आजीवन किये गये संघर्षों, नारी अस्मिता, स्वाभिमान एवं सम्मान तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में उनके द्वारा किये गये कार्य को केवल मछुआ समुदाय में ही नही,अपितु समाज के सभी शोषित, वंचित, उपेक्षित व गाँव के गरीब समुदाय तक पहुंचाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने वीरांगना फूलन देवी द्वारा किये गये संघर्षों व नारी सशक्तिकरण की दिशा में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सर्वहारा विकास पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री मृत्युंजय साहनी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व कार्यालय प्रमुख बलवीर कश्यप, वरिष्ठ समाज सेवी रामानंद चौधरी, वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. इंदूचंद्र नागर, वरिष्ठ समाज सेवी इंजी. ठाकुरदीन, समाज सेवी राजेन्द्र निषाद, वरिष्ठ समाज सेवी रामलगन यादव, समाज सेवी बच्चा लाल निषाद , समाज सेवी सतीश कश्यप, गायक नीरज गौड़, समाजसेवी विवेक कश्यप, समाज सेवी आर. सी. गौड़, सहित विभिन्न जनपदों से आये हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए।बलवीर कश्यप कार्यालय प्रमुख सर्वहारा विकास पार्टी

## राजधानी लखनऊ में स्पीडफोर्स दुपहिया वाहन सर्विसिंग कम्पनी की यूनिट बाइकर्स क्लब का हुआ शुभारम्भ

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : गुजरात की दुपहिया वाहन सर्विस कम्पनी स्पीडफोर्स ने अपनी नई सर्विसिंग श्रृंखला की शुरूआत लखनऊ के गीतापुरी चौराहा खडगापुर गोमती नगर में हुई, यह भारत की 266 वी यूनिट और लखनऊ की पहली यूनिट है। यूनिट का उदघाटन ओनर अविनाश कुमार राय के पिताजी श्री जितेंद्र कुमार राय के हाथो से रिब्बन कटिंग के द्वारा की गई । स्पीडफोर्स की टीम से गौरव सिंह ने बताया की स्पीड फोर्स न्यूनतम मूल्य पर उच्चतम सेवा देने को प्रतिबद्ध है। इसीलिये मात्र 999ध देकर आप ( अनुअल मेंटेनेन्स कान्ट्रेक्ट ) स्कीम के तहत अपनी 150 से कम के वाहन पर सुविधाएं ले सकते है, जिसमें आपको 4 फुल सर्विस, फ्री पिक अप एंड ड्रॉप सेवा मिलती है,जंहा आपके घर से वाहन को ले जाकर उसे दुरुस्त कर पुनः घर तक पहुंचाया जाता है साथ ही 400 का केश कूपन व एक लाख रूपये का पर्सनल एक्सीडेंट इन्शुरन्स दिया जाता है। इमरजेंसी ब्रेकडाउन के तहत आपके वाहन के अचानक बंद होने पर उसी स्थान से वाहन को सुधरने भेज दिया जाता है। रोडसाइड एक्सीडेंट सर्विस पर आपके वाहन रोडसाइड ही सर्विस दे उसे ठीक किया जाता है। उपरोक्त सभी सेवा 1499 / में भी उपलब्ध है बस इसमें वाहन 150 से ज्यादा का होता है। बताते चलें कि स्पीडफोर्स भारत की एकमात्र अतर्राष्ट्रीय और नबर






1 मल्टी ब्राड दोपहिया सेवा फ्रैंचाइजी चेन कपनी है। काफी शोध करने के बाद स्पीडफोर्स इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि दोपहिया सर्विस बाजार में अपार क्षमता है और स्पीडफोर्स अपनी सर्विस को कम लागत, अधिक विश्वसनीय व पारदर्शी बनाकर अपने ग्राहक को बेहतर सर्विस दे सकते हैं। स्पीडफोर्स की स्थापना 2011 को व्यापक रूप से अनुभवी, ऑटोमोबाइल उद्योग व अनेक क्षेत्रो में विशेषज्ञता रखने वाले तीन भागीदारों श्री दीपेन बाराई श्री कपिलभिडी व श्री अशोक एम शाह द्वारा की गई थी। इस कार्यक्रम में स्पीडफोर्स टीम की तरफ से यूपी ,बिहार, झारखंड के सेल्स हेड गौरव सिंह , दीपक वर्मा टेक्निकल हेड यूपी दिल्ली, मो० आसिफ मैकेनिकल यूपी और राजेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## विश्व में देश का नाम रोशन करने पर सरूरपुर की प्रीति नैन को किया सम्मानित

बागपत पत्रकार विवेक जैन : बागपत के सरूरपुर कलां गांव की बेटी प्रीति नैन ने जार्जिया देश के बटूमी ओपन इंटरनेशनल वुशू टूर्नामेंट 2022 में कांस्य पदक जीत कर विश्व में देश का नाम रोशन किया। सतेन्द्र सिंह नैन की पुत्री प्रीति नैन का दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर गांव तक कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। प्रीति नैन सबसे पहले बागपत के प्रसिद्ध तीर्थो में शुमार गुफा वाले बाबा मन्दिर पहुॅची और परिवार सहित पूजा–अर्चना की। इसके बाद प्रीति को रोड़ शो के द्वारा उनके घर तक ले जाया गया। ढोल–नगाड़ो व डीजे के साथ निकले रोड़ शो में सैंकड़ो लोगों ने भाग लिया। लोगों ने प्रीति पर पुष्प वर्षा की और माला पहनाकर उसको सम्मानित किया। घर पहुॅचने पर प्रीति की जीत की खुशी में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में प्रीति द्वारा अर्जित की गयी उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया। प्रीति नैन को फूल माला भेंट कर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रीति नैन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने



परिजनों, गुरूओं, जिलाधिकारी बागपत डॉ राजकमल यादव, जिला खेल अधिकारी बागपत सरिता सिंह सहित समस्त ग्रामवासियों को दिया। प्रीति नैन ने इस अवसर पर लोगो से अपील करते हुए कहा कि लड़कियों को पढ़ाने–लिखाने और बढ़ने में हर सम्भव मद्द करे। बेटियों को बेटो जैसा प्यार और अधिकार मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में परिवार ओर देश का नाम रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। सम्मान समारोह में जिला खेल अधिकारी सरिता सिंह, बागपत वुशू संघ के सचिव राज विपिन जोशिया, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, रूपा तोमर, दीपक शर्मा, आकाश नैन सहित प्रीति के परिवार और गांव के अनेकों लोग उपस्थित थे।

## हर–घर तिरंगा अभियान के तहत व्यापार बन्धु की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तत्वाधान में हर–घर तिरंगा अभियान के तहत व्यापार बन्धु की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लोग सम्मान के साथ तिरंगा फहराएं। इस क्रम में उनके द्वारा ध्वज को फहराने के तरीके, उसके रख रखाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा व्यापारी बन्धुओं को दिशा–निर्देश दिया गया कि हर–घर तिरंगा अभियान में अपने साथ व्यापारिक प्रतिष्ठान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने ध्वज वितरण करते हुए व्यापारियों से अनुरोध किया कि कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज पाने एवं फहराने से वंचित न रहने पाए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, नगर मजिस्ट्रेटध्प्रभारी अधिकारी (उत्सव) आयुष चौधरी, उपायुक्त राज्य कर, व्यापारी जनप्रतिनिधि सुभाष चन्द्र अग्रहरी, आरिफ हबिब, अनिल सिंह, मनोज आदि तथा राज्य कर विभाग, जौनपुर के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एम्बुलेंस में हुआ सुरक्षित प्रसव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गीतापल्ली से 102 पर विजय के द्वारा कॉल किया जाता है जिसकी सूचना गाड़ी संख्या नच 32मह 0579 लोकबंधु में खड़ी एम्बुलेंस स्टॉफ ड्राइवर पुलकित को मिलती है एम्बुलेंस समय पर पहुंचती है और मरीज को रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज होने पर इको गार्डेन के पास एम्बुलेंस में ही ईएमटी नईम के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनो को सुरक्षित UCHC चंदरनगर में भर्ती कराया गया।

## 4 इंडिया का फेमस सलोन ग्रुप नैचुरल्स करेगा एसिड अटैक सर्वाइवर्स की मदद

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : भारत के सबसे प्रतिष्ठित सलोन ब्रांड में से एक नैचुरल्स ने एसिड अटैक सर्वाइवर्स की संस्था छांव फाउंडेशन के साथ एक करार किया और घोषणा की कि देश भर में रह रही एसिड अटैक की सर्वाइवर्स को हर संभव मदद की जाएगी। लखनऊ के होटल रेनेंसा में इस विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे। शीरोज हैंगआउट कैफे पर कार्यरत एसिड अटैक सर्वाइवर्स , नैचुरल्स के संस्थापक सी के कुमारवेल और छांव फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक आलोक दीक्षित ने एक करारनामा पर हस्ताक्षर किए और तय किया कि सर्वाइवर्स को हो रही मुश्किलों के लिये मिल कर समाधान निकालेंगे। इस करारनामे के तहत नैचुरल्स सलोन एसिड अटैक की सर्वाइवर्स को ब्यूटी और मेक अप जैसी रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएगा। शुरूआत शीरोज हैंगआउट पर काम कर रही पांच सर्वाइवर्स को प्रशिक्षण सहायता और नौकरी देने से की गई है। नहीं होगा किसी तरह का भेदभाव नैचुरल्स के मुखिया सी के कुमारवेल ने घोषणा की कि नैचुरल्स कंपनी एसिड अटैक सर्वाइवर्स के दर्द को समझती है और आश्वस्त करती है कि कंपनी के भीतर एसिड, बर्न और अन्य विकलांगता के सर्वाइवर्स को न केवल बराबरी के अवसर मिलेंगे, बल्कि एक कदम आगे बढ़ते हुए कंपनी इन वर्गों के लिये विशेष आरक्षण लागू करेगी। कुमारवेल ने कहा कि इस सिविल सोसाइटी के सभी तबकों को साथ आने की जरूरत है जिससे इस तरह के जघन्य अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। नैचुरल्स जल्द ही देश भर के अपने 750 से भी ज्यादा सलोन में





इस योजना को लागू करेगा। एसिड अटैक सर्वाइवर्स को मिली नौकरी बैठक में एसिड अटैक सर्वाइवर्स ने अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि अटैक के बाद चेहरे बुरी तरह जल जाने के कारण तमाम बार सर्वाइवर्स को नौकरी और काम मिलने में समस्याएं आती हैं। अकसर उनकी योग्यता को अनदेखा कर उनके चेहरों को देखते हुए काम नहीं मिलता है। ब्यूटी इंडस्ट्रीज में तो यह भेदभाव और भी गहरा है और एक सामान्य मान्यता बन गई है कि अगर ऐसी महिलाओं को काम पर रखा तो सलोन पर आने वाले ग्राहकों को यह पसंद नहीं आएगा। लेकिन इस मिथक को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित शीरोज हैंगआउट ने पूरी तरह तोड़ दिया है। जहां न केवल रोजमर्रा के अतिथि खाना खाने और अन्य कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं बल्कि समाज के अग्रणी लोग भी शीरोज पहुँचकर महिलाओं का मनोबल बढ़ाते रहते हैं। नैचुरल्स ने घोषणा की कि उनका सलोन भी एसिड अटैक सर्वाइवर्स की इस मुहिम में उनके साथ है और भरोसा दिलाया कि उनके सलोन पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में एसिड सर्वाइवर्स को रोजगार दिया जाएगा। नैचुरल्स देश भर में सात सौ पचास से भी ज्यादा सलोन और ट्रेनिंग सेंटर संचालित करता है और हाल ही में लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में एक नया सलोन खोला गया है।

## बागपत पालिका क्षेत्र में हर घर फहरेगा तिरंगा : महेश शर्मा

बागपत पत्रकार विवेक जैन : आजादी के 75 साल पूरे होने पर बागपत में इसकी तैयारियां पूरी जोर–शोर के साथ चल रही है। नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बागपत नगर पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी महेश शर्मा ने बताया कि इस बार आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत बागपत पालिका क्षेत्र में हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। इसके लिए बागपत नगर पालिका का लक्ष्य शहर के 9731 मकानों पर तिरंगा फहराने का है। बताया कि उन्हें डीपीआरओ ऑफिस से 4887 तिरंगे झंडे प्राप्त हो चुके हैं और बाकी तिरंगे नगर पालिका डाकघर से तथा स्वयं सहायता समूह से क्रय करेगी। बताया कि इसके लिए बागपत नगर पालिका ने टीम का गठन कर दिया है, जो घर–घर जाकर लोगों को तिरंगों का वितरण करेगी और उन्हें तिरंगा फहराते समय रखी जाने वाली सावधानियों से अवगत कराएगी। बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन नगर के राष्ट्र वंदना चौक पर सुबह पौने आठ बजे जिला अधिकारी बागपत डॉक्टर राजकमल यादव द्वारा पंडित राम प्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खा की प्रतिमा पर फूल



माला पहनाई जाएगी और उसके बाद सुबह आठ बजे नगर पालिका बागपत में पालिका चेयरमैन राजूदीन एडवोकेट द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा।

## छात्र छात्राओं के साथ निकाली गई तिरंगा रैली

हरदोई अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई व तहसील विधिक सेवा समिति शाहाबाद, हरदोई के तत्वावधान में तहसीलदारध्सचिव नरेन्द्र कुमार यादव के कुशल निर्देशन में स्वन्त्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम तहसील शाहाबाद के गीता विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज व गीता कॉन्वेंट से पैदल तिरंगा रैली का आयोजन छात्र छात्राओं एवं विद्यालय स्टाप को सम्मिलित कर आमजनमानस को जागरूक किया गया। उक्त के अनुपालन लीगल एक क्लीनिक की अगुआई में गीता इंटर कॉलेज से लेकर घासमंडी तिराहा होते हुए विद्यालय में समापन किया गया। तिरंगा रैली में लीगल एड क्लीनिक पी एल वी मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी व सर्वेश कुमार द्वारा लोगों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफल बनाने हेतु जानकारी दी गई साथ ही 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में हैंड बिल देकर प्रचार प्रसार किया गया। प्रशासनिक अधिकारी पवन अवस्थी रैली में शामिल रहे तथा नगर पालिका परिषद शाहाबाद के सफाई इंस्पेक्टर व नगर पालिका परिवार एवं पी एल वी योगेंद्र कुमार गुप्ता, कपिल जी गुप्ता सुतीक्षण राठौर, शिवाकांत श्रीवास्तव, संतोष कुमार पाल,






राघवेंद्र विक्रम सिंह, छोटेलाल, लालता प्रसाद, सुशील कुमार, कॉलेज प्रबंधक श्रीमती वीणा गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रमोद गुप्ता, सहायक अध्यापक महेन्द्र पाल सिंह, अध्यापक राजीव मिश्र, अनूप तिवारी, श्याम कुमार मिश्र, हिमांशु मिश्र, मुकेश द्विवेदी, विशाल द्विवेदी, नीलम गुप्ता, रूबी देवल, दीपांती, शिक्षा पाठक, ईशा गुप्ता, हर्षिता त्रिवेदी, शिवानी गुप्ता, ओमचन्द्र गुप्ता आदि लोगों ने सम्मिलित होकर अपने आपको गौरवान्वित किया।

# स्कूली बच्चों को ग्रामप्रधान ने वितरित किए तिरंगे झंडे : हर घर तिरंगा में भागीदारी का आह्वान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चंद्रभानपुर के छात्र और छात्राओं को बुधवार को तिरंगे झंडे वितरित किए गए और आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में ग्रामप्रधान गजेंद्र दुबे ने बच्चों को अपने कन्धों पर बैठाकर तिरंगा झंडा फहराया और कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की अनुभूति करवाने वाला है।इस अवसर को देश भर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।हमें भी तीन दिवसीय हर घर तिरंगा अभियान में पूर्ण मनोयोग से भागीदारी निभानी चाहिए।वही दूसरी तरफ ग्रामप्रधान बेलौनाकला के पुत्र सुधांशू विश्वकर्मा ने हर घर जाकर तिरंगा वितरित किया और लोगों से कहाँ इस बार तिरंगा 24घंटे तक फहरता रहेगा शाम तक झंडे को उतारने की जरूरत नही हैं।

# प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किए जाने का लिया गया निर्णय

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि प्रदेश के युवाओं को सरकार के साथ नीति, प्रबंधन, क्रियान्वयन, अनुश्रवण के कार्यों में सहभागिता का विशिष्ट अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के चयनित 100 आकांक्षात्मक विकास खण्ड में जनपद के 02 विकास खण्ड रामपुर एवं मछलीशहर चयनित है. जिसमें केंद्र राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन कार्य करने हेतु शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। यह कार्य शोधार्थियों द्वारा उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए किया जाएगा तथा उक्त कार्य के प्रभावी सम्पादन हेतु योजनाओं का सर्वेक्षण, अध्ययन, प्राथमिक आंकड़ों का संकलन एवं अनुश्रवण का कार्य किया जाएगा। शोधार्थियों द्वारा योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों के निराकरण तथा योजनाओं से जनमानस को अपेक्षित लाभ पहुंचाने हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए जाएंगे साथ ही शोधार्थियों द्वारा योजना से संबंधित नीति निर्धारण योजना संरचना एवं योजना के कार्यान्वयन से संबंधित कार्यों में प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त फेलोशिप कार्यक्रम हेतु पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं आस–पास के जिले में अध्ययनरत इच्छुक प्रतिभावान छात्र–छात्रों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश नियोजन विभाग की वेबसाइट planning.up.nic.in तथा CMIS portal पर अपलोड किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट planning.up.nic.in अथवा ब्डैै portal जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# विकासखंड करंजाकला की ग्राम पंचायत जगदीशपुर अकबरपुर में हर घर जल महोत्सव का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकासखंड करंजाकला की ग्राम पंचायत, जगदीशपुर अकबरपुर में हर घर जल महोत्सव का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जगदीशपुर जनपद का पहला गांव है जहां पर प्रत्येक घर नल से संतृप्त किया गया है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से कहा कि जल का सदुपयोग करें, पानी को व्यर्थ न करें। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनपद के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए, जिसके क्रम में तीव्र •ति से हर घर जल योजना क्रियान्वित की जा रही है। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जगदीशपुर अकबर पेयजल परियोजना का निर्माण 233.34 लाख की लागत से शुरू की गई है, ओवरहेड टैंक की क्षमता 150 कि0 ली0ध14 मीटर है। 10.50 कि.मी पाइपलाइन बिछाई गई है। एक नग नलकूप, 01



नग पम्प हॉउस, 01 नग स्टाफ क्वार्टर उपलब्ध है, जिसके द्वारा कुल 650 घरों को संतृप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके द्वारा 700 फीट नीचे से पानी आएगा जो कि शुद्ध पानी रहेगा। पानी पीने से बीमारियों से बचा जा सकेगा। इस अवसर पर जेई आकाश गुप्ता, डीपीएमयू के सदस्य एवं ग्राम प्रधान राज केसर पाल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पत्रकार ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति से मांगी इच्छामृत्यु : फर्जी मुकदमें से परेशान पत्रकार ने न्याय न मिलने पर लिया फैसला

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से एक पत्रकार ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर स्वतंत्रता दिवस पर इच्छामृत्यु की मांग की है। पत्रकार का कहना है कि जिले के भ्रष्ट नेता व भूमाफिया कानून का खुला दुरुपयोग कर फर्जी मुकदमों से उसे और उसके परिजनों का जीवन तबाह कर दिया है, अपनी बेगुनाही के तमाम सबूत लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी निष्पक्ष जांच के बजाय प्रताड़ित किया जा रहा है। हरदोई निवासी पीड़ित पत्रकार हरिश्याम बाजपेयी ने राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में कहा है कि वो द टेलीकास्ट हिंदी पत्रिका का सम्पादक है, उनकी निष्पक्ष खबरों से रंजिश मानकर जिले के भ्रष्ट नेता व माफिया द्वेष भावनावश नुकसान पहुंचाने के लिए षड्यंत्र रचते रहते हैं। विगत 05 जून को अकारण ही पुलिसकर्मियों की मदद से उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया, पत्रकार से बदसलूकी देख अन्य पत्रकार भी मौके पर पहुंचे और वीडियो बनाने लगे तो उसे रिहा कर दिया गया, जबकि पत्रकार को गिरफ्तार किए जाने का कारण नहीं बताया गया। पीड़ित पत्रकार के अनुसार उक्त घटनाक्रम के बाद विगत 07 जून को थाना कोतवाली शहर में उनके विरुद्ध दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म आदि की गंभीर धाराओं में पूर्णतया फर्जी व निराधार मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जबकि उन्होंने कथित पीड़िता को पूर्व में न कभी देखा है और न ही कभी मिला है। एफआईआर में वर्णित कथित घटनाक्रम 13 मई 2022 की शाम करीब 05 बजे से रात 08 बजे का दर्शाया गया है। पीड़ित पत्रकार के मुताबिक उक्त समयावधि में वे कथित घटनास्थल से करीब 4 किमी. दूर अपनी पत्रिका के छपने के स्थान न्यू गायत्री प्रेस में मौजूद थे, इसकी पुष्टि उनकी गूगल लोकेशन मैप से की जा सकती है, इसके अतिरिक्त कथित घटनाक्रम की समयावधि में ही वे द टेलीकास्ट के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दैनिक समाचारों को पोस्ट कर रहे थे, तथा अपने फोन पर आने और जाने वाली कॉल्स से बातचीत कर रहे थे, इसके सभी साक्ष्य पुलिस को उपलब्ध करा कराए हैं। पीड़ित पत्रकार का कहना है कि अपनी बेगुनाही के तमाम सबूत देने के बाद भी जिले के एसपी राजेश द्विवेदी भ्रष्ट नेता के भारी दबाव में हैं जिस कारण स्थानीय पुलिस निष्पक्ष विवेचना के बजाय साक्ष्यों को नजरंदाज कर रही है और मेरे विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही कर रही है, पीड़ित पत्रकार के अस्थाई व मूल निवास पर कुर्की की नोटिस लगाकर पत्रकार के परिजनों का उत्पीड़न किया जा रहा है। अपने ऊपर दर्ज फर्जी मुकदमे के बाद लगातार हो रहे उत्पीड़न से तंग आकर पीड़ित पत्रकार ने राष्ट्रपति को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उनकी पत्नी व 05 वर्ष का बेटा आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, पुलिस के डर से वे घर से दूर हैं, बेटे की पढ़ाई बाधित है। निष्पक्ष पत्रकारिता करने की इतनी बड़ी सजा मिलेगी! ऐसा कभी सोचा न था। आजाद भारत में आज भी पत्रकारों की कलम आजाद नहीं है। पीड़ित पत्रकार का कहना है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते करते थक हार चुका हूं, सरकारी सिस्टम की अनदेखी व शिथिलता के कारण मुझे न्याय नहीं मिल सका, इसलिए मुझे व मेरी पत्नी और बेटे को 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस के दिन इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान करें।

# एस आर इण्टरनेशनल स्कूल एण्ड स्पोर्ट्स एकेडमी में " इन्वेस्टीचर सेरेमनी" आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस आर इण्टरनेशनल स्कूल एण्ड स्पोर्ट्स एकेडमी बख्शी का तालाब लखनऊ में इन्वेस्टीचर सेरेमनी बड़े ही भव्य तरीके से आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मेजर वीरेन्द्र सिहं तोमर, मेजर जितेन्द्र पाल सिंह, कर्नल शिव बालक सिंह एवं फ्लाइंग ऑफिसर ए.बी. सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवल कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया। उनके प्रेरणा दायी विचारों ने छात्रों के अन्दर एक नया जोश और उत्साह भर दिया। छात्रों को अपनी क्षमताओं के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लेते हुए देखना वहां मौजूद सभी लोगों के लिए एक अद्भुत अनुभव था। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने कहा कि नेतृत्व किसी उपाधि या पद के बारे में नहीं है। यह प्रभाव और प्रेरणा के बारे में हैष् यह ठीक ही कहा गया है कि श्नेता पैदा नहीं होते बल्कि बनते हैं। संस्थान के वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान और वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान ने कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

### 45 फिट ऊंचे झंडे का बीएसए ने किया ध्वजारोहण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चंदवक में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल द्वारा किया गया।विद्यालय प्रांगण में स्थापित 45 फीट ऊंचे झंडे का ध्वजारोहण उनके द्वारा किया।साथ ही तिरंगा यात्रा में 100 फीट लंबे झंडे के साथ बच्चों ने हाथ मे तिरंगा लेकर प्रभातफेरी विद्यालय से होते हुए चंदवक बाजार के आखिरी छोर से वापस विद्यालय प्रांगण में आकर समापन हुआ। बीएसए श्री पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झंडे का सम्मान और फहराने के नियमों से अवगत कराते हुए सभी बच्चों व शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी डोभी राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ डोभी के अध्यक्ष आलोक कुमार रघुवंशी, संरक्षक संजय यादव ,मंत्री संतोष सिंह सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।

# पिता कि डांट से क्षुब्ध किशोर घर से लापता : स्वजन परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पिलकिछा गाँव में मंगलवार की सुबह स्कूल पढ़ने न जाने पर किशोरवय पुत्र को डाँटना एक पिता पर भारी पड़ गया। वह घर से बाजार जाने को कहकर कर पैदल ही निकल गया। 36 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटा। स्वजन किसी अनहोनी घटना की आशंका को लेकर परेशान है। हर संभावित स्थानों पर तलाश के बाद थक हार कर थाने पर तहरीर दी गई है। खुटहन बाजार के बगल उक्त गाँव निवासी शेष कुमार शुक्ला अपने 16 वर्षीय पुत्र जो कि हाईस्कूल का छात्र है। उसे स्कूल न जाने पर डाट फटकार लगा दिए थे। जिससे क्षुब्ध होकर किशोर घर से फरार हो गया। मामले में पुलिस ने गुमशूदगी दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कैंसर पीड़ित वृद्ध की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के अखई पुर (खेतरपाल ) गांव निवासी कैंसर पीड़ित वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में सुबह अस्पताल ले जाते समय चंदवक बाजार में मौत हो गयी।पुलिस पंचनामा कर शव परिजनों को सौप दिया। अखई पुर (खेतरपाल ) गांव निवासी नान्हक पाल (65) जो कैंसर से पीड़ित थे।वे अपने ससुराल आजमगढ़ देवगांव थानाक्षेत्र के परेवा गांव में रहते थे। अचानक तबियत बिगड़ी तो उनके परिजनों को ससुराल वालों ने सूचना दी।बेटा बॉम्बे रहता है। परिवार के अन्य लोगों ने चंदवक पहुचाने के लिए कहा तो शनि नाम का लड़का उनको लेकर ऑटो रिक्शा से लेकर चला। चंदवक ऑटो से उतरते ही उनके मुह से खून आ गया वहीं गिर पड़ा। मौके पर पुलिस पहुंची उसे लेकर सीएचसी डोभी आयीं जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस पंचनामा बना शव परिजनों को सौप दिया।

## नदी किनारे अज्ञात लाश मिलने से सनसनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के पास गोमती नदी में एक 28 वर्षीय युवक की सड़ी हालात में बहती लाश दिखाई दी जिससे सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सुबह गोमती नदी के किनारे टहलने गये तो पानी में बहती लाश देखकर चंदवक पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज कर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई।

## स्वतन्त्रता दिवस को बन्द रहेगा दूकान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला आबकारी अधिकारी ने समस्त अनुज्ञापी, देशी शरब, विदेशी मदिरा, बियर, भॉग, ताड़ी एवं एफ0एल02/2बी सी0एल02, माण्डलशाप, समिश्रवार को अवगत कराया है कि आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा वर्ष 2022–2023 के व्यवस्थापन शर्तों में ही 15 अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस) को समस्त आबकारी दुकानों को बन्द रखने का प्राविधान है। उन्होंने समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, भॉग, ताड़ी एवं एफ0एल02/2बी, सी0एल02, माण्डलशाप एवं समिश्र वार, की दुकानों को 15 अगस्त 22 (स्वतन्त्रता दिवस), को बन्द रखना सुनिश्चित करें। उक्त बन्दी का कोई प्रतिफल देय नही होगा।

# स्कूल के बच्चों को तिरंगा भेंटकर मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव को भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 12 मार्च 2021 महात्मा गांधी दांडी यात्रा शुरुआत दिवस से शुरू किया। आजादी के अमृत महोत्सव को शुरू करने का महत्व भारत की आजादी को 75 वर्ष पूर्ण होना है ।जिसके 75 सप्ताह पहले ही अमृत महोत्सव शुरू किया गया। केंद्र सरकार ने इस महोत्सव को 2023 तक आगे बढ़ाने का फैसला किया है। आज सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा महानगर एवम नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा जी द्वारा समर पब्लिक इंटर कॉलेज फरीदीनगर में बच्चो को १५ अगस्त देश् की आजादी के बारे में समझाते हुए तिरंगा भेंटकर अपने अपने घरों पर १३अग्स्त् से १५ अगस्त तक झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया गया और इसके महत्व को बताया गया। इस अवसर पर नीशू वेलफेयर की अध्यक्ष गुंजन वर्मा,संस्था की लखनऊ की प्रभारी सीमा राय,स्कूल की प्राचार्या आराधना तिवारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित् रहे। आज के इस वितरण में 100 झंडो का सहयोग किरण फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी विशाल श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया। गुंजन द्वारा प्रत्येक दिन स्कूलों और घरों में झंडे वितरित कर हर घर तिरंगा अभियान में अपना सहयोग दिया जा रहा है।

### 13 वर्ष बाद फिर से शुरू हुआ एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र

लंबे समय से बंद पड़े एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षुओं से उनकी समस्याओं को जाना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। करंजाकला स्थित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना 33 वर्ष पूर्व हुई थी। 2008 तक यहां पर एएनएम के लिए प्रशिक्षण भी मिलता रहा। प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तर से प्रतिभागियों के नाम का चयन होता था और प्रतिवर्ष 50 लोगों को दो वर्ष तक के लिए प्रशिक्षण मिलता था। 2008 के बाद से प्रशिक्षुओं का चयन होना बंद हो गया और तब से इस केन्द्र पर प्रशिक्षण नहीं हो रहा था। उसका भवन भी जर्जर हो गया था। शासन ने उस भवन की मरम्मत कराई। वहां पर बिजली और इंटरनेट की सुविधा तथा एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था कराई। 13 वर्षों बाद यहां पर फिर से प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शासन की तरफ से 50 प्रशिक्षुओं का चयन कर उसकी सूची प्रशिक्षण केन्द्र को भेज दी गई है जिसमें से 46 ने अपना एडमिशन करा लिया है। प्रशिक्षुओं का चयन राज्य निदेशालय से होता है। प्रशिक्षण की अवधि दो वर्ष होती है और उन्हें यह प्रशिक्षण निःशुल्क मिलेगा। प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन वर्चुअल तरीके से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। प्रशिक्षण केन्द्र पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने नव प्रशिक्षुओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और अच्छे से प्रशिक्षण लेकर आमजन की सेवा के लिए मार्गदर्शन दिया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा लक्ष्मी सिंह, करंजाकला के ब्लाक प्रमुख, एसीएमओ डॉ0 राजीव कुमार, डा संतोष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# रामनगरी के लाल तैराकों को स्वर्ण पदक मिलने पर अयोध्या तैराकी संघ ने किया हर्ष व्यक्त

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) 63 सीनियर यूपी स्टेट तैराकी प्रतियोगिता जो लखनऊ में आयोजित की गई थी में अयोध्या के तैराकों को स्वर्ण पदक मिलने पर अयोध्या तैराकी संघ ने हर्ष व्यक्त किया है ! उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के उपाध्यक्ष हरि कृष्ण अरोड़ा व जिला सचिव शिवकरण सिंह ने स्वर्ण पदक पाए प्रतिभागियों मंजरी जायसवाल व अवधा नरेश यादव को बधाई देते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री अरोड़ा ने कहा कि अयोध्या में तैराकी के खिलाड़ियों की कमी नहीं है अगर इनका उचित मार्गदर्शन किया जाए तो कोई संदेह नहीं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या का परचम न लहराए! इस अवसर पर मनोज सोनी, सरदार हरचरण सिंह, उग्रसेन मिश्रा, रोहित मेहरोत्रा, अनिल कुमार, सौरभ, मोहम्मद शरीफ, चंदन सिंह आदि उपस्थित थे ! आर एस ओ चंचल मिश्रा एवं मंजू सुरतानी ने भी तैराकों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है! विजय प्रतिभागियों ने कोच राजकुमार यादव का विशेष आभार जताया! परिणाम इस प्रकार रहे मंजरी जायसवाल 50 मीटर बटरफ्लाई स्वर्ण, 200 मीटर बटरफ्लाई रजत, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक रजत, अवध नरेश यादव 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्वर्ण 50 मीटर बटरफ्लाई रजत 50 मीटर बैकस्ट्रोक रजत 100मीटर फ्रीस्टाइल कांस्य जीता।

# रेलवे स्टेशन पर प्रसव पीड़िता महिला को रेलवे पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचाकर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामनगरी में एक मजदूर को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही प्रसव पीड़ा शुरू होइ गई।इस मामले की जानकारी पर रेलवे पुलिस ने उक्त महिला को शीघ्र ही श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराकर सराहनीय कार्य किया।जहां से डाक्टरों ने प्रसव के लिए महिला को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया गया कि मूल रूप से बिहार प्रान्त के गया जनपद के थाना वजीरगंज क्षेत्र स्थित गाँव महु गाए निवासी 42 वर्षीय एक महिला मजदूर सुग्गा देवी पत्नी पलेसर अपने पीटीआई के साथ मजदूरी के लिए गोंडा जनपद जा रही थी।सोमवार को शाम लगभग 6.30 बजे वह 13309 दून एक्सप्रेस ट्रेन अयोध्या रेलवे स्टेशन पहुंची और रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 के पश्चिम छोर पर बैठी थी कि इसी दौरान महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। पीड़ा के चलते चीख–चीला रही महिला को ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारियों ने देखा तो मामले की जानकारी जीआरपी अयोध्या चौकी पुलिस को दी। मामले की सूचना पर रेलवे पुलिस ने प्रसव पीड़िता को उपचार के लिये महिला पुलिस और एंबुलेंस की मदद से श्रीराम अस्पताल भिजवाया। हलांकि श्रीराम अस्पताल में प्रसव की पर्याप्त सुविधा न होने के चलते डाक्टरों ने उसे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। जीआरपी अयोध्या चौकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक ने बताया कि प्रसव पीड़ा होने पर बिहार से आई एक महिला मजदूर को तत्काल एंबुलेंस से राजकीय श्रीराम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## सांसद लल्लू सिंह द्वारा 50 हजार राष्ट्रीय ध्वज का किया जायेगा वितरण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) लोकसभा अयोध्या में सांसद लल्लू सिंह द्वारा पचास हजार राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया जायेगा।दिल्ली से ध्वज व कानपुर से बांस के डण्डे अयोध्या पहुंच चुके है। सहादतगंज चुंगी स्थित कैम्प कार्यालय में इनका निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके लिए 25 मजदूरों को लगाया गया है। निर्माण व वितरण कार्यक्रम का संयोजक ओम प्रकाश सिंह को बनाया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर हमें उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव होना चाहिए। हर घर तिरंगा अभियान हमारी सामूहिक शक्ति का अहसास सम्पूर्ण विश्व को करायेगा। हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि इस अभियान में स्वयं जुड़े और दूसरों को जुड़ने के लिए प्रेरित करें। अगर किसी के बीच में कोई वैचारिक मतभेद है तो उसे भुलाकर अभियान में अपने पूरे सामर्थ्य से योगदान देना हमारा कर्तव्य है। इस कर्तव्य को निभाने के लिए हर भारतवासी तैयार है। कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज में दस हजार ध्वज अयोध्या महानगर में वितरित किये जायेंगे। पांच पांच हजार ध्वज का लोकसभा की अन्य विधानसभाओं में वितरण होगा। शेष बीस हजार ध्वज के लिए पूरी लोकसभा क्षेत्र में कई स्थान चिन्हित किये गये है। इन स्थानों पर सामूहिक रुप से तिरंगे का वितरण किया जायेगा।उन्होने बताया कि महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने 3500 राष्ट्रीय ध्वज प्राप्त कर लिया है। शेष उन्हें जल्द प्रदान किया जायेगा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने भी 3000 ध्वज प्राप्त कर लिये है। कैम्प कार्यालय में काफी तेजी से ध्वज का निर्माण किया जा रहा है। जल्द सभी स्थानों को तिरंगे की आपूर्ति कर दी जायेगी। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरुकता के लिए पार्टी द्वारा कई आयोजन किये जा रहे है। जिसमें घर घर सम्पर्क, गोष्ठी, तिरंगा यात्रा शामिल है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि अभियान को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौप दी गयी है। इस अवसर पर जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, आकाश मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## राम नगरी के कई पौराणिक धरोहर को निगल गए भू माफिया

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी के कई पौराणिक धरोहर को निकल गए भू माफिया इन पर अवैध कालोनियों बना दी गई अब यहां सागर और तालाब के बजाय कंकरीट के जंगल लहरा रहे हैं राम नगरी अयोध्या की पौराणिक सागर का तो अस्तित्व ही खत्म हो चुका है जबकि क्षीर सागर के आसपास भी कॉलोनी विकसित हो गई है अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी बनाने की कार्यवाही शुरू हुई तो प्रशासन को भी इनका होश आया शहर के जलस्रोतो को चिन्हित किया जा रहा है से अवैध कब्जा हटाकर धरोहर को संरक्षित किया जाएगा वैसे तो राम नगरी में जमीन का गोरख धंधा बहुत पहले से ही चल रहा है लेकिन राम मंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय आते ही जमीन की हेराफेरी तेज हो गई जिसमें जमथरा माझा की भूमि पर अवैध प्लाटिंग को लेकर हो हल्ला मचा है 2 साल पहले ही इस ओर किसी का ध्यान नहीं था राम मंदिर निर्माण शुरू होते ही और राम मंदिर के नजदीक होने के चलते चतरा की जमीन अचानक बेशकीमती हो गई माफिया ने इसने अवसर तलाश और जमीनों की हेराफेरी अरबों का वारा न्यारा कर दिया या नहीं भू माफियाओं ने राम नगरी की पुरानी धरोहर को भी नहीं छोड़ा कई सागर वाकुन पाटकर कालोनिया बसा दी गई जिसमें सप्तसागर क्षीर सागर रुक्मणी कुंड आदि का अस्तित्व समाप्त हो चुका है या फिर समाप्त होने की कगार पर है खतौनी में सख्त सागर तालाब में दर्ज है यही हाल क्षीरसागर की भी चेतावनी में है सप्तसागर करीब 2 एकड़ के क्षेत्र में है यह आबादी विकसित हो गई है इसी तरह क्षीरसागर भी तालाब की जमीन है यहां कोर्ट से सिद्ध हो चुका है बावजूद इसके यहां बहुत से लोग मकान दुकान धर्मशाला बनाकर रह रहे हैं।

## मिठाई के साथ डिब्बा तौलने पर देना पड़ेगा पांच हजार जुर्माना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूत्र के मुताबिक अब मिठाई के साथ डिब्बा तौलने पर अब दुकानदार को पांच हजार रुपया तक जुर्माना देना पड़ सकता है।अगर दुकानदार आपको गत्ते के डिब्बे के साथ मिठाई तौलकर देता है तो तत्काल आप इसकी शिकायत करें, संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सामानों की घटतौली की शिकायत को लेकर सरकार काफी गंभीर है। घटतौली करने वालों के खिलाफ सरकार के निर्देश पर बाट माप विभाग ने कार्रवाई की रणनीति बनाई है। बाजार में सामान खासकर मिठाई लेते समय काफी दुकानों पर देखा जाता है कि जितनी महंगी मिठाई होती है, उतना ही डिब्बे का मूल्य लगता है। यह खेल काफी समय से चल रहा है। खासकर त्योहारों के समय तो मिठाई की मांग बढ़ने पर मिठाई के साथ डिब्बे का वजन तौलने की संभावना बढ़ जाती है। जैसे डिब्बे का वजन अगर 50 से 100 ग्राम है तो ग्राहक को इतनी मिठाई लगभग दो या तीन पीस मिठाई कम मिलती है सरकार द्वारा अभियान चलाकर घटतौली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया है। दुकानदार गत्ते के डिब्बे में या कम सामान देता है तो ग्राहक टोल फ्री नंबर अथवा कार्यालय में सीधे शिकायत कर सकते हैं घरेलू गैस की आपूर्ति से संबंधित शिकायत उपभोक्ता खाद्य एवं रसद विभाग के टोल फ्री नंबर 18001800150 और उपभोक्ता संरक्षण बाट–माप विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805512 पर दर्ज करा सकते हैं। पहचान गोपनीय रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### विकास प्राधिकरण की कार्यवाही के बाद अयोध्या का सियासी पारा हुआ गर्म

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)विकास प्राधिकरण की कार्यवाही के बाद अयोध्या का सियासी पारा गर्म हो गया है। इस संबंध में सूची जारी करने के मामले में प्राधिकरण प्रशासन बैकफुट पर आ गया है। सूत्रों के मुताबिक अयोध्या मंडल के आयुक्त नवदीप रिणवा ने प्राधिकरण कर्मचारियों और अधिकारियों के पेंच कसे हुए हैं।दो दिन पहले विकास प्राधिकरण के लेखपाल द्वारा हस्ताक्षरित 40 कॉलोनाइजर की सूची लीक हुई थीं। इस सूची में अयोध्या के कई सफेदपोश नेताओं का भी नाम सामनेआया था।अयोध्या में जमीन खरीदने वाले अधिकारियों व बिचौलिए दलालों का नाम सूची से बाहर था। जिसमें 40 लोगों के ही चिन्हित किए जाने की प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मुहर लगाई थी।इस पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा महापौर ऋषिकेश उपाध्याय द्वारा प्राधिकरण के विरुद्ध पलटवार के बाद प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि सूची अभीध नहीं जारी की गई है। प्राधिकरण की कॉलोनाइजर सूची वायरल होते ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेश के नेताओं ने जमकर की अयोध्या में शासन और प्रशासन घेराबंदी की।

# अमृत महोत्सव के तहत हर घर फहरेगा तिरंगा : प्रशासन की व्यापक तैयारियां शुरू

अयोध्या( संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।घर–घर तिरंगा फहराने की जिला प्रशासन भी व्यापक तैयारियां कर रहा है । 11 अगस्त से 17 अगस्त तक जनपद के सभी घरों पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा ।जिसको लेकर आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिला अधिकारी नीतीश कुमार व सीडीओ अनीता यादव ने आसमान में तिरंगे रंग के गुब्बारे छोड़ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में तिरंगा जागरूकता यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया । जिला अधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि जागरूकता यात्रा के माध्यम से लोगों को तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। तिरंगे के माध्यम से हम को किस तरह से आजादी मिली उसको याद किया जाएगा । देश को आजादी दिलाने में शहीद हुए वीरों को भी इस अभियान के माध्यम से याद किया जाएगा।आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के निर्देशानुसार आज नवीन मण्डी अयोध्या स्थित 63 बटालियन सी०आर०पी०एफ० ने जवानों तथा उनके परिवार व बच्चों ने ष्हर घर तिरंगा ष्अभियान के तहत आज अपने हाथों में तिरंगा लेकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अयोध्या में रैली निकाली । इस रैली में 63 बटालियन सी०आर० पी०एफ० के कुल 500 से अधिक जवान तथा उनके परिवार व बच्चे सम्मिलित हुए। देश–भक्ति तथा देश प्रेम से ओप–प्रोत जवानों तथा उनके






परिवारों ने ष्हर घर तिरंगा ष्अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित किया। ज्ञात हो कि 63 बटालियन सी०आर०पी०एफ० को हर घर तिरंगा अभियान के तहत कम से कम पच्चीस हजार घरों पर तिरंगा लगाने की जिम्मेदारी दी गयी है। उसी अभियान के तहत आज सी०आर०पी०एफ० द्वारा निकाली गयी तिरंगा रैली बहुत ही आकर्षित तथा देश – प्रेम से ओत–प्रोत थी। भारत की आजादी के लिए शहादत पाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भी इस अवसर पर याद किया गया तथा आवाहन किया गया कि सब लोग मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर श्री छोटे लाल, कमांडेण्ट– 63 बटालियन सी०आर०पी०एफ०, श्री सरकार राजा रमन, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री अशोक कुमार शील, उप कमां०, श्री अजय कुमार, उप कमां०, श्री पंकज राय, सहायक कमांडेण्ट, श्री आर0एन0 चौहान, सहायक कमांडेण्ट, श्री अखिलेश्वर सिंह, सहायक कमांडेण्ट सहित अन्य अधिकारी तथा कार्मिक उपस्थित रहे।

# आजादी की 75 में वर्षगांठ पर मुस्लिम मुहर्रम त्यौहार में लहराया गया तिरंगा झंडा

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। मुस्लिम संप्रदाय के गम के त्यौहार मुहर्रम के मौके पर अयोध्या में परंपरागत रुप से मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 रिश्तेदारों की शहादत की याद में बेहद गमजदा माहौल में मोहर्रम का पर्व मनाया जाता है।इसी कड़ी में आज अयोध्या में भी ताजिया दफन हो रही है। शहर के बड़ी बुआ कर्बला स्थल पर कड़ी सुरक्षा के बीच ताजिया दफन की जा रही है।इस दौरान ताजिया जुलूस में शान से तिरंगा लहराया गया।और आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर तिरंगा लहराया गया।तो वही दूसरी और एक ताजिये में भगवा रंग भी दिखा। ताजियादार मोहम्मद अख्तर ने कहा कि यूपी में योगी आदित्यनाथ का राज है। मुसलमानों के लिए किया है बहुत काम किया है इसलिए ताजिये में भगवा लगाया गया। अयोध्या एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने बताया कि सभी थाना क्षेत्र



में ताजिया के जुलूस निकल रहे हैं।जिसमे पुलिस प्रबंध किया गया है।सुरक्षा व्यवस्था में सारे पुलिसकर्मी लगे हुए थे।

# जाफर मेमोरियल कॉलेज द्वारा अवैध वसूली मामले में जांच के आदेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय राज्यमार्ग जगनपुर के पास स्थित जाफर मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वारा टीसी के नाम पर डीआईओएस राजेंद्र पांडे ने संज्ञान लेते हुए मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं।सूत्र के मुताबिक भटौली अयोध्या राजकीय हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉक्टर बसंत कुमार टीसी मामले की जांच करेंगे।वही शिकायतकर्ता चिर्रा निवासी अलीशा खान जाफर मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज की 2021–22 की छात्रा थी। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह कॉलेज से टीसी मांग रही थी। आरोप है कि कॉलेज प्रबंधा समिति के सदस्य अहमद खान टीसी के बदले ध800 की मांग कर रहे थे।जब छात्रा ने ध800 की रसीद मांगी तो अहमद खान ने रसीद देने से इनकार करते हुए कहा उक्त रुपए की कोई भी रसीद नहीं मिलेगी। अलीशा और उसके परिजन कॉलेज के कई बार चक्कर काटने के बाद परेशान हो गए और टीसी नहीं मिली तो अलीशा ने कॉलेज की मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कॉलेज के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर डाली।मालूम हो कि कि इस कॉलेज का यह कोई नया मामला नहीं है दो हजार सत्रह अट्ठारह में कॉलेज की इसी तरह की अवैध वसूली से तंग आकर इसी कॉलेज की दर्जन भर लड़कियों ने लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग जाम कर दिया था। तथा कॉलेज उस समय भी मीडिया की सुर्खियों में बना था। डीआईओएस राजेंद्र पांडे ने बताया मामला अवैध वसूली से जुड़ा हुआ है। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# महिला रसोइयां के मुताबिक मिड डे मील नही बनाने दे रही प्रधानाध्यापिका सीएम से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के शिक्षा क्षेत्र हरिग्टनगंज के प्राथमिक विद्यालय रेवरी (चंदीपुर नगहरा) में महिला रसोइया के पद पर तैनात नीलेश पान्डेय पत्नी दिनेश चंद्र ने प्रधानाचार्य श्रीमती शुभम सिंह द्वारा अकारण खाना बनाने से मना करने पर मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। सीएम को दिये शिकायती पत्र में पीड़िता रसोईया पद पर तैनात श्रीमती नीलेश पांडेय ने बताया है कि अत्यंत गरीब महिला हूं, मेरे तीन छोटी–छोटी लड़कियां हैं, किसी तरह भरण पोषण चला रही हूं। मैं प्राथमिक विद्यालय रेवरी ग्राम पंचायत चध्दीपुर नगहरा विकासखंड हैरिग्टनगंज तहसील बीकापुर मैं रसोईया के पद पर वर्ष 2018 से नियमित रूप से कार्य कर रही हूं और सरकार के नियमों का पूरा पालन करती हूं, इस विद्यालय के बच्चों की कोई शिकायत नहीं है किंतु उक्त विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती शुभम सिंह अनावश्यक बिना किसी कारण के हमेशा मुझे परेशान करती हैं और रसोईया पद पर काम ना करने की धमकी देती है और 30 जून को बिना कारण के मुझे



विद्यालय में खाना बनवाने से मना कर दिया।जिस पर शिकायतकर्ता ने 19 जून 2022 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायत किया था जिस पर सक्षम अधिकारी द्वारा मौखिक रूप से रसोईया श्रीमती नीलेश को उक्त विद्यालय में रसोईया का काम करने हेतु आदेशित किया था।किंतु जब नीलेश पुनः विद्यालय में रसोईया का काम करने गई तो पीड़िता के मुताबिक उक्त प्रधानाध्यापिका श्रीमती शुभम सिंह द्वारा नीलेश को लात मारकर ,भद्दी भद्दी गालियां व धक्का देकर विद्यालय से निकाल दिया।

# मंडलायुक्त के आदेश पर शाहगंज मार्ग का होगा चौड़ीकरण व लेपन कार्य

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या मंडल अयोध्या के मंडलायुक्त नवदीप रिणवा का शाहगंज बाजार मित्र से मिलने आना शाहगंज वासियों के लिए संजीवनी बूटी साबित हो गया। सूत्र के मुताबिक उनके आदेश पर लोक निर्माण विभाग अब शाहगंज मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कर उस पर लेपन कार्य करेगा।रविवार को मंडलायुक्त नवदीप रिणवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंजाब प्रांत प्रचारक रामगोपाल से मिलने शाहगंज बाजार पहुंचे थे।गाड़ी से उतरकर मुख्य मार्ग पर आए तो उबड़ खाबड़ और अतिक्रमण युक्त सड़क देखकर नाराज हो गए और लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को कार्यालय तलब कर लिया।कार्यालय आए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मंडलायुक्त ने फटकार लगाते हुए कड़े निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से शाहगंज बाजार की सड़क का कायाकल्प होना चाहिए। इस संबंध में ग्रामीण मंसाराम कहते हैं जर्जर और बदहाल सड़क पर क्षेत्र के लोग लगभग 10 सालों से चल रहे थे। उम्मीद नहीं थी कि सड़क इतनी जल्दी बन पाएगी लेकिन मंडलायुक्त के यहां आने से संभव हो गया। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अनिल मिश्रा ने बताया मंडलायुक्त के आदेश पर शाहगंज बाजार मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण होगा जो 7 मीटर का होगा तथा पूरे मुख्य मार्ग पर लेपन कार्य होगा।

# बीकापुर क्षेत्र में दलित बहनों के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म : एसपी ग्रामीण ने जांच का दिया आश्वासन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में आरोप के मुताबिक बाजार से घर जा रही अनुसूचित जाति की दो लड़कियों के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।इस संबंध में पीड़िता के स्वजन ने कोतवाली में कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र दिया है। सूत्र के मुताबिक बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित के पिता ने बताया कि उनकी दो पुत्रियां गत सोमवार की शाम किसी काम से शेरपुरपारा बाजार गई थी। वहां से घर लौटते समय गांव के समीप पहले से मौजूद चार युवक दोनों को गन्ने के खेत में ले गए जहां दुपट्टे से उनका मुंह बांध कर दुष्कर्म किया। पीड़ित के परिजनों के मुताबिक इस घटना की शिकायत करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि काफी देर तक पुत्रियों के घर वापस न आने पर बाजार में जाकर खोजबीन और जानकारी की गई।पता चला कि एक घंटा पहले ही घर जा चुकी हैं।वही घर पहुंचने पर उनकी पुत्रियों ने आपबीती बताई।जिसके बाद पुलिस को फोन



पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 112 पीआरवी पुलिस ने पूछताछ की।इस संबंध में मंगलवार को पीड़िताओं के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी।इस संबंध में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल अयोध्या ब्यूरो चीफ को एसपी ग्रामीण अतुल सोनकरध ने बताया कि वे स्वयं बीकापुर क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार के साथ कोतवाली पहुंच कर पीड़ित पक्ष से जानकारी प्राप्त की। फिलहाल अभी इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। इस संबंध में मामले की जांच कर इसमें शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# बकाया रुपया मांगने से नाराज युवकों ने साथियों संग पूर्व सैनिक पर किया जानलेवा हमला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी चौरेबाजार अंतर्गत साल्हीपुर गांव निवासी पीड़ित पूर्व सैनिक दीपक सिंह पुत्र हरि मंगल सिंह के मुताबिक अपने दिए गए पैसे वापस मांगने से लिये जब गये तो वहां पर मौजूद झुंझलाए लोगों ने उसे मारा और जान से मारने की धमकी दी।दबंगों के हमलें से आहत पूर्व सैनिक ने बीकापुर कोतवाली तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते माह फरवरी 2021 में गांव के ही सुशील मिश्रा पुत्र गिरजा शंकर मिश्रा को कुछ भुमि प्लाट खरीदने के लिए 1 लाख रुपए दिया था। प्लाट जब सुशील मिश्रा नहीं दिला सके तब उन्होंने अपना पैसा वापस माांगना शुरू कर दिया।कई प्रयास के बाद एक बार 40 हजार रुपया वापस भी किया,परंतु शेष रुपए अभी तक वापस नहीं दिया।6 अगस्त को उन्होंने अपने बकाए रुपए का तगादा किया तो सुशील मिश्रा फोन पर ही काफी बिगड़ गए और गाली गलौज करने लगे। उस समय वह फैजाबाद से वापस अपने घर लौट रहे थे। गाली गलौज से मना करने पर धमकाया और कहा कि आओ देख लेते हैं। जब वह चौरेबाजार



कनावा मोड पर पहुंचे तो पहले से ही वहां मौजूद लगभग चार व्यक्ति बिना कुछ बात किए ही उनसे भिड़ गए। उन्हें जमकर मारा पीटा तथा 10 हजार रुपए नगद एवं गले में पड़ी सोने की जंजीर खींच लिए। उन्होंने किसी तरह जान बचाया। उनके साथ राजन पुत्र स्वर्गीय आत्मा राम सिंह भी थे उन्हें भी मारा पीटा गया है।हमलावर लोगों के कई संख्या में मौजूद होने के व शाम होने के चलते वह अपने घर चला गया था। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की है।

# शांतिपूर्ण हुए ताजिए दफन सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के फैजाबाद में विभिन्न कर्बला में अपने निर्धारित समय से ताजिए दफन किए गए 31 जुलाई से शुरू हुए मोहर्रम का 9 अगस्त को आज ताजिया दफन के साथ समापन हो गया आपको बताते चलें कि सैकड़ों वर्षों से ताजिया रखने की परंपरा चली आ रही है ताजिया सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लोग नहीं रखते बल्कि सभी समुदाय के लोग ताजिया रखते हैं और कर्बला के मैदान में अब से 14 सौ वर्ष पूर्व इमाम हुसैन ने जो अपने 72 साथियों की 3 दिन के भूखे प्यासे रहकर कुर्बानी दी थी उसी का शोक और गम मनाया जाता है ,आज ही के दिन अब से लगभग 14 सौ वर्ष पूर्व इमाम हुसैन ने एक अजीम कुर्बानी पेश की थी जिसमें 6 माह का बेटा अली असगर 18 साल का जवान अली अकबर और 13 बरस का भतीजा कासिम सहित 72 कुर्बानियां पेश की कुर्बानी का मकसद सिर्फ यह था कि दीने इलाही हक इंसाफ बचा रह जाए और उस को बचाया, कितनी अजीम कुर्बानी पेश करके तब से आज तक इमाम हुसैन का गम दुनिया के कोने कोने में मनाया जाता है आपको बताते चलें कि इमाम हुसैन मोहम्मद साहब के सबसे प्यारे नवासे थे और हजरत अली के बेटे थे।उसी कड़ी में आज हस्नु कटरा से भी ताजिए निकाले गए जो आकाशवाणी कर्बला के बगल जाकर दफन किए गए इस मौके पर जो सबसे खास बात देखने में आई के तमाम हिंदू भाइयों ने चाय शरबत और प्रसाद बांट कर अयोध्या फैजाबाद की जो हजारों वर्षों से गंगा जमुनी तहजीब चली आ रही है उस को बरकरार रखा रेतिया के अमर निषाद अरविंद निषाद बासुदेव निषाद अरुण निषाद राम सरन निषाद सहित तमाम हिंदू भाइयों ने चाय पानी और प्रसाद बांट कर एकता की मिसाल पेश की तो वही हसनू कटरा में भी डॉक्टर सलीम खान के घर के सामने तबर्रुक की चाय पानी की सबील लगाई गई थी इस सबील के कार्यक्रम में हंसनू कटरा के जवानों ने ताजिया जूलूस के बीच तबर्रुक तकसीम किए नगर निगम की ओर से सफाई के बेहतर इंतजाम देखने को मिले और सुरक्षा व्यवस्था भी व्यापक दिखाई दी।

# अवैध प्लाटिंग के मामले मैं डिप्टी सीएम ने संभाला मोर्चा कहां विपक्षियों को रास नहीं आ रहा है राम मंदिर का निर्माण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम नगरी में भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारियों और लोकप्रिय विधायक का फर्जी प्लाटिंग सूची में नाम डालकर विपक्षियों से मिलकर भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने वाले जिम्मेदारों पर बरसे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक बताया विपक्षियों की साजिश और मुख्यमंत्री से की गई शिकायत पर जल्द ही हो सकती है बड़ी कार्रवाई । राम नगरी में अवैध प्लाटिंग करने वालों की सूची जारी होने का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है वायरल सूची पर पलटे उपाध्यक्ष और नगर निगम के आयुक्त विशाल सिंह और बताया इस सूची को फर्जी नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक भेंट की और विधायक ने कहा कि अवैध प्लाटिंग में उनका नाम घसीटे जाने के पीछे राजनीतिक षड्यंत्र उन्होंने कोई प्लाटिंग ही नहीं किया है सूची में उनका नाम शामिल कर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। विधायक ने वायरल सूची को आधार बनाकर दुष्प्रचार करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय की शरण में जाने का निर्णय भी लिया है। वायरल सूची पर विवाद बढ़ने के बाद सोमवार को विकास प्राधिकरण कार्यालय पर पड़ा कड़ा पहरा नजर आया कार्यालय गेट पर पुलिस तैनात रही अवैध प्लाटिंग करने वालों की वायरल सूची को प्राधिकरण उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मीडिया के सामने दोवारा गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की ओर से कोई सूची जारी नहीं की गई है परिवर्तन कार्य से जुड़े अवर अभियंता के साथ बैठक कर उन्होंने अवैध प्लाटिंग करने वालों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण अब तक कराई गई अवैध प्लाटिंग एवं कालोनियों को चिन्हित कर रहा है अभियंताओं को निर्देश दिया गया है कि निष्पक्ष होकर अवैध प्लाटिंग करने वालों की सूची तैयार करें स्थलीय सत्यापन कराया जाए जिसकी सूचना पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए संबंधित रिपोर्ट के साथ प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश भी दिया है। विधायक और महापौर सहित भाजपा के लोगो पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर जमीन बेचने का जो आरोप लगाया जा रहा है वह भाजपा पार्टी की बिरोधी पार्टीयो द्वारा छवि धूमिल करने का षड़यंत्र है।अयोध्या जमीन को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों पर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। डिप्टी सीएम ने कहा है कि बीजेपी को बदनाम करने की साजिश है विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं है। अयोध्या में राम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है तब से उनके मन में है इन लोगों ने अयोध्या विकास प्राधिकरण की जो सूची तैयार की है वह पूरी तरह से मनगढ़ंत है और फर्जी है इस मामले में भी जांच की जा रही है और जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी वही विकास प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य भाजपा नेता कमलेश श्रीवास्तव व परमानंद मिश्रा ने वोर्ड की बैठक बुलाने की मांग का मंडलायुक्त को पत्र भी सौंपा है। कमलेश श्रीवास्तव ने कहा है कि अवैध सूची वायरल होने के बाद 40 कालोनियों के हजारों लोग अवसाद में सभी के भवन मानचित्र के प्राधिकरण ने स्वीकृत किए हैं और ऐसे में इन क्षेत्रों को वैध किया जाना चाहिए। सूची वायरल होना अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है कि विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियो ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से नही किया और अब मांझा डूब क्षेत्र मे कई सालो तक हजारो की संख्या बने मकानो पर बुलडोजर चलाकर भोले भाले नागरिको की मकान मे लगेगी गाढी कमाई को नष्ट होता देख वे काफी अवसाद मे और निराश है।ऐसी विषम परिस्थिति में प्रदेश के न्याय प्रिय गरीबों के मसीहा मुख्यमंत्री की ओर कातर नजरों से देख रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में प्राधिकरण और राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ जांच कर के कठोर कार्रवाई करना न्याय हेतु अति आवश्यक है इसके लिए इन पीड़ितों के लिए मसीहा बने इन दोनों भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारियों एंवम भाजपा कार्यालय मन्त्री बबलू मिश्र ने सच्चाई से पर्दा हटाने और जनता की आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए लिखित रूप में भी पत्र भेजकर प्राधिकरण अधिकारियों की एसआईटी जांच कराने की मांग की है।

# पीड़ित के मुताबिक स्कूल से वापस लौट रहे छात्र को बस से खींचकर पीटा : केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के गोसाईगंज कोतवाली इलाके में स्कूल से वापस लौट रहे छात्र को कुछ लोगो ने बस से खींचकर मार पीट किया।मामले में इलाकाई पुलिस ने छात्र के पिता की शिकायत पर पांच लोगों नामजद करते हुए केस दर्जकर जांच में जुट गई है।पुलिस को दिये गए शिकायती पत्र के मुताबिक लालपुर भदई का पूरा निवासी श्रीराम सिंह यादव पुत्र सुकई राम यादव का आरोप है कि उसका पुत्र युवराज सिंह विवेकानन्द शिशु कुंज एनटीपीसी टांडा में अध्ययनरत है।सोमवार को अपराह्न तीन बजे के पास स्कूलबस से वापस लौट रहा था।बस जैसे ही ईशापुर मोड़ के पास पहुंची तो लगभग पन्द्रह लोग बस के आगे आकर बस को रोक लिया और ड्राइवर व कंडक्टर को बाहर उतार कर बस में बैठे बच्चो को डराते धमकाते हुए युवराज को खींचकर उसके साथ मारपीट किया।जिससे वह घायल हो गया।लोगो को आता देख सभी लोग भाग गए।बस मे बैठेकुछ बच्चो ने उन लोगो पहचान लिया। इस संबंध में एसएचओ गोशाईगंज केके मिश्र के मुताबिक पीड़ित पिता की शिकायत पर सचिन पाण्डे व अभय सिंह निवासी देवापुर,अखिल तिवारी व अजितेश तिवारी निवासी शेरवा घाट,मनीष प्रजापति दहीरपुर सहित कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्जकर जांच की जा रही है।

# आजादी के 75वी वर्षगांठ पर कांग्रेस ने भी निकाली गौरव यात्रा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)आजादी के 75 वी वर्षगांठ पर कांग्रेस ने भी निकाली गौरव यात्रा। शहर के मुख्य मार्ग से निकली गौरव यात्रा। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मल खत्री का बयान।आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।देश के सभी जनपदों में 9 से 15 अगस्त के बीच निकाली जा रही है गौरव यात्रा। हमें फक्र है हम उस कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं जिसका आजादी के आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान रहा है।आज जब इस देश के सामने उस आजादी के मूल भाव को, सर्व धर्म सम्मान के भाव को, सबको साथ ले चलने के भाव पर खतरा दिख रहा है इसलिए कांग्रेस का और महत्वपूर्ण कर्तव्य बन जाता है कि वह आगे बढ़कर लोगों को जागरूक करें।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।